डॉ. केशरी लाल वर्मा
कुलपति

Dr. Keshari Lal Verma
Vice Chancellor

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) भारत
Pt. Ravishankar Shukla University
Raipur (Chhattisgarh) - 492010-INDIA

Office : + 91 771-2262857
Fax : + 91 771-2263439
E-mail : vc_raipur@prsu.org.in
Website : www.prsu.ac.in
Mobile : 8527324400

दिनांक 23.09.2020

प्रिय परीक्षार्थियों,

**परीक्षा 2020 हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ।**

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2020 की शेष परीक्षाएँ 25 सितंबर, 2020 से प्रारंभ हो रही हैं। आप सभी को विदित ही है कि वर्तमान परिदृश्य में COVID-19 महामारी से संपूर्ण विश्व प्रभावित है। हमारे विश्वविद्यालय की परीक्षाएँ 3 मार्च 2020 से प्रारंभ हो चुकी थीं, जिसे स्थगित करना पड़ा था। इस वैश्विक महामारी के प्रकोप से बचाव एवं रोकथाम के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार, एवं राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर जारी निर्धारित मानदंडों एवं सुरक्षा–निर्देशों का पालन करते हुए तथा विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सत्र को पूर्ण करने ऑनलाइन माध्यम से प्रश्न–पत्र प्रेषित कर के परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा की समय–सारिणी एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी/निर्देश जारी किए गए हैं, आशा करता हूँ कि आपके महाविद्यालय/परीक्षा केंद्रों के माध्यम से आप को प्राप्त हुआ होगा।

आप को पंजीकृत मोबाइल, व्हाट्सएप्प, ई–मेल, विश्वविद्यालय के वेबसाईट के माध्यम से उत्तर–पुस्तिका का मुख पृष्ठ (कवर पेज) का प्रारूप और परीक्षा के संबंध में निर्देश उपलब्ध कराए गए हैं। इन्हीं माध्यमों से आप को निर्धारित समय पर प्रश्न–पत्र प्राप्त होगा। आप तनावमुक्त रह कर परीक्षा दें।

आप ध्यानपूर्वक प्रश्नों के उत्तर लिखें। परीक्षा–समाप्ति के पश्चात उत्तर–पुस्तिकाएँ पूर्व निर्देशानुसार समय पर महाविद्यालय को प्रेषित करें।

यदि कोई समस्या हो तो महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें। COVID-19 महामारी के संबंध में जारी SOP का पालन करें।

आप के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ।

(केशरी लाल वर्मा)

Scanned with CamScanner